## संपादकीय

# ये कैसा डेमोग्राफिक डिविडेंड?

यह आम निष्कर्ष रहा कि आधे से ज्यादा बच्चे अपनी क्लास से दो क्लास नीचे के टेक्स्ट ठीक से नहीं पढ़ पाते। गणित की स्थिति और खराब है। एक चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों के छात्रों से अपेक्षाकृत बेहतर है।

जिस समय भारत के दुनिया की सबसे अधिक आबादी वाला देश बनने की चर्चा गर्म है, ये सवाल अहम सवाल भी चर्चित है कि आखिर आबादी की मौजूदा स्थिति से बीच देश जनसंख्या संबंधी लाभ उठा पाएगा? अब चार साल बाद आई शिक्षा की स्थिति पर वार्षिक सर्वे रिपोर्ट (असर) ने इस सवाल को और भी प्रासंगिक बना दिया है। असर से हर साल भारत की स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता की तस्वीर सामने आती रही है। चूंकि दो से अधिक साल तक स्कूल कोरोना महामारी के कारण बंद रहे, इसलिए ये रिपोर्ट तैयार करने वाली संस्था भी अपना पूरा आकलन पेश नहीं कर पाई। 2022 में जाकर उसने व्यापक रूप से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता का अध्ययन किया। ताजा रिपोर्ट से यह तो उत्साहवर्धक सूचना सामने आई है कि महामारी के बाद स्कूलों में छात्रों की मौजूदगी सामान्य हो चुकी है। दरअसल, स्कूलों में दाखिला का प्रतिशत महामारी के पहले से भी ऊंचा हो गया है। लेकिन इस रिपोर्ट से महामारी के दौरान शिक्षा ग्रहण करने में हुए नुकसान का विवरण भी सामने आया है। मसलन, यह आम निष्कर्ष रहा कि आधे से ज्यादा बच्चे अपनी क्लास से दो क्लास नीचे के टेक्स्ट ठीक से नहीं पढ़ पाते। गणित की स्थिति और खराब है।

एक चौंकाने वाला तथ्य यह सामने आया है कि सरकारी स्कूलों के छात्रों का प्रदर्शन प्राइवेट स्कूलों के छात्रों से बेहतर है, जबकि आम तौर पर प्राइवेट स्कूलों में अपेक्षाकृत समृद्ध घरों के बच्चे पढ़ने जाते हैं। बहरहाल, यह सूरत प्रश्न यह उठाती है कि आखिर ऐसी शिक्षा के साथ भारत अपने विकास के लिए अपनी युवा आबादी का लाभ कैसे उठा पाएगा? गौरतलब है कि यह वो वक्त है, जब दुनिया चौथी पीढ़ी के औद्योगिकीकरण में प्रवेश कर रही है। यानी जब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, क्वांटम कंप्यूटिंग और रोबोटिक्स आर्थिक वृद्धि का प्रमुख स्रोत बनने जा रहे हैं। ऐसे वक्त पर कमजोर लर्निंग किस काम की साबित होगी? यह अत्यंत गंभीर सवाल है। अगर भारत को सचमुच डेमोग्राफिक डिविडेंड हासिल करना है, तो उसे इस प्रश्न से उलझना होगा। वरना, सिर्फ बड़ी युवा आबादी से आर्थिक महाशक्ति बनने की आकांक्षा महज से भ्रम साबित होगी।

# 5 रेत उत्पादन संयंत्र स्थापित करेगी कोल इंडिया



**नई दिल्ली।** कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) ने मई 2023 और जुलाई 2024 के बीच पांच ओवरबर्डन (ओबी) से निर्मित रेत (एम-सैंड) संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है।

इन संयंत्रों की स्थापना इसकी सहायक कंपनियों अर्थात वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड, सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड, साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स और भारत कोकिंग कोल लिमिटेड द्वारा की जाएगी। कोल बीहेमोथ ने खानों में रेत उत्पादन के लिए ओवरबर्डन चट्टानों को संसाधित करने की परिकल्पना की है, जहां ओबी सामग्री में मात्रा के हिसाब से लगभग 60 प्रतिशत रेतीला पत्थर होता है जिसका उपयोग ओबी को कुचलने और प्रसंस्करण के माध्यम से किया जाता है।

सीआईएल की ओबी टू एम-सैंड पहल में इसकी ओपन कास्ट (ओसी) खानों में अपशिष्ट ओवरबर्डन के प्रसंस्करण की सुविधा शामिल है।

ओपनकास्ट माइनिंग के दौरान, ऊपर की मिट्टी और चट्टानों को कोयले को निकालने के लिए कचरे के रूप में हटा दिया जाता है और खंडित चट्टान (या ओबी) को डंप में ढेर कर दिया जाता है।

अधिकांश कचरे को सतह पर निपटाया जाता है, जो कि काफी भूमि क्षेत्र पर कब्जा कर लेता है और खनन के पर्यावरणीय प्रभाव को कम करने के लिए व्यापक योजना और नियंत्रण की आवश्यकता होती है।

सूत्रों ने कहा कि अपशिष्ट ओवरबर्डन से रेत की रिकवरी सुनिश्चित करने के लिए अपशिष्ट उत्पाद में से सबसे अच्छा है।

उन्होंने आगे बताया कि पांच प्रस्तावित संयंत्र उत्पादित रेत की व्यावसायिक बिक्री सुनिश्चित करेंगे, जिससे कोयला कंपनियों के लिए अतिरिक्त राजस्व उत्पन्न होगा।

सूत्रों ने कहा कि वाणिज्यिक उपयोग के अलावा, उत्पादित रेत का उपयोग भूमिगत खदानों में रेत के भंडारण के लिए भी किया जाएगा, जिससे सुरक्षा और संरक्षण में वृद्धि होगी।

वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (डब्ल्यूसीएल) बल्लारपुर में प्रति दिन 2,000 क्यूबिक मीटर एम-सैंड उत्पादन की क्षमता वाला एक संयंत्र स्थापित करेगी और इसके मई 2023 में चालू होने की उम्मीद है।

डब्ल्यूसीएल दुर्गापुर में 1,000 क्यूबिक मीटर की क्षमता वाला एक और रेत संयंत्र भी स्थापित करेगी, जो मार्च 2024 में चालू हो जाएगा।

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स (एसईसीएल) मानिकपुर में 1,000 क्यूबिक मीटर रेत की दैनिक उत्पादन क्षमता के साथ एक संयंत्र स्थापित करेगा। इस संयंत्र के फरवरी 2024 में चालू होने की उम्मीद है।

कोल इंडिया की एक अन्य सहायक कंपनी सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) कथारा में एक संयंत्र स्थापित करेगी। इसकी उत्पादन क्षमता 500 क्यूबिक मीटर होगी और इसे दिसंबर 2023 में चालू किया जाएगा।

भारत कोकिंग कोल लिमिटेड बरोरा में एक रेत संयंत्र स्थापित करेगा, जिसकी उत्पादन क्षमता 1,000 क्यूबिक मीटर होगी। इसे जुलाई 2024 में चालू किया जाएगा।

# अडानी ग्रुप ने हिंडनबर्ग की रिपोर्ट का 413 पन्नों में दिया जवाब, आरोपों को बताया भारत पर हमला

**नई दिल्ली।** अरबपति उद्यमी गौतम अडानी के नेतृत्व वाले अडानी समूह ने अमरीकी सट्टा बाजार कंपनी हिंडेनबर्ग रिसर्च की रिपोर्ट का 413 पृष्ठों का कड़ा जवाब देते हुए कहा कि यह रिपोर्ट निहित उद्देश्यों से जारी की गई है और इसमें निराधार भ्रम फैलाया गया है। अडानी समूह ने कहा है कि हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट उसके शेयरधारकों और सार्वजनिक निवेश की लागत पर मुनाफा कमाने के लिए तैयार की गई है और यह पूरी से अस्पष्ट है।

अडानी समूह ने अपने जवाब के साथ प्रासंगिक दस्तावेज और संदर्भ भी प्रस्तुत किए है। समूह की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के अनुवर्ती शेयर निर्गम (एफपीओ) के समय विवाद उत्पन्न करने वाली हिंडेनबर्ग की इस रिपोर्ट के विस्तृत जवाब के संबंध में जारी एक मीडिया नोट में अडानी समूह ने कहा है कि अमरीकी कंपनी ने उसके संबंध में अपनी रिपोर्ट में भारत की न्यायपालिका और नियामकीय व्यवस्था को अपनी सुविधा के अनुसार नजरअंदाज किया है।

अडानी समूह ने जवाब में अपनी कम्पनियों में अपनाए जाने वाले संचालन के आदर्शों , प्रतिष्ठा , साख और पारदर्शी व्यवहार तथा वित्तीय परिचालन के परिणामों और उत्कृष्टता का जिक्र किया है। समूह ने कहा है कि यह रिपोर्ट न तो स्वतंत्र है और न ही तथ्यपरक है। इसे केवल एक तिकड़मभरा दस्तावेज कहा जा सकता है। जिसमें हितों का टकराव जगह जगह झलकता है। अडानी समूह ने कहा है कि इस रिपोर्ट का उद्देश्य लाभ काटने के लिए एक प्रतिभूतियों का छलावापूर्ण बाजार तैयार करना है जोकि भारतीय कानून के अनुसार शेयर बाजार की धोखाधड़ी है। अडानी समूह ने कहा है कि हिंडेनबर्ग की रिपोर्ट में 88 सवाल उठाए गए थे जिसमें से 68 के बारे में समूह की कम्पनियां ने अपनी वार्षिक रिपोर्टों , पेशकश के प्रस्तावों , वित्तीय विवरणों और शेयर बाजार को दी गई जानकारियों में उनका विवरण पहले ही प्रकाशित कर रखा है।

## एप्पल विकसित कर रहा आईओएस 17 : रिपोर्ट

**सैन फ्रांसिस्को।** एप्पल अपना आईओएस 17 सॉफ्टवेयर अपडेट कर रहा है। इसके साथ ही अन्य कई सॉफ्टवेयर इस साल जारी किए जाएंगे। 9टू5 मेक की रिपोर्ट के अनुसार आईओएस 17 को संदर्भित करने वाले कुछ टेक दिग्गज के ओपन-सोर्स डॉक्यूमेंटेशन को अपडेट प्राप्त हुआ है। हर साल कंपनी अपने विभिन्न ओपन-सोर्स रिपॉजिटरी में आने वाले आईओएस, मैकओएस और वॉचओएस अपग्रेड के संदर्भ जोड़ना शुरू करती है। आईफोन निर्माता द्वारा अपने वास्तविक संस्करण संख्याओं को छिपाने के लिए भविष्य के संस्करणों को अक्सर टीबीए के रूप में संदर्भित किया जाता है। इस साल जून में वल्र्डवाइड डेवलपर्स कॉन्फ्रेंस (डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी) में आईओएस 17, मैकओएस14, बॉचओस10, आईपेडओस 17 और टीवीओएस 17 ऑपरेटिंग सिस्टम पेश किए जाने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है, हालांकि, तकनीकी दिग्गज ने अभी तक डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी की तारीखों का खुलासा नहीं किया है और यह अभी भी स्पष्ट नहीं है कि सम्मेलन पिछले साल की तरह एक हाइब्रिड इन-पर्सन और वर्चुअल इवेंट होगा या पूरी तरह से इन-पर्सन इवेंट होगा।

# अगले दो साल में देशभर में 400 वंदे भारत ट्रैक पर उतरेंगी



**नई दिल्ली।** स्लीपर वर्जन के लिए 1800 करोड़ रुनवरी (आईएएनएस)पये रेलवे बजट से स्वीकृत किए गए हैं। अगले दो सालों में देश के अलग-अलग रूटों पर इस संस्करण की 400 ट्रेनें ट्रैक पर उतारी जायेंगी।

रेलवे के अनुसार आईसीएफ साहित कई कंपनियों ने इन ट्रेनों को बनाने में दिलचस्पी दिखाई है। 400 ट्रेनों में से पहली 200 चेयर कार ट्रेनें होंगी और बाकी स्लीपर वर्जन होंगी। यह भी बताया गया है कि चेयर कार ट्रेनों को अधिकतम 180 किमी प्रति घंटे की गति से चलाने के लिए डिजाइन किया जाएगा और ये व्यावसायिक उद्देश्यों के लिए 130 किमी प्रति घंटे की गति से चलेंगी। जबकि बाकी 200 ट्रेनें जो स्लीपर वर्जन में होंगी उन्हें 220 किमी प्रति घंटे की अधिकतम गति और 200 किमी प्रति घंटे की व्यावसायिक गति से चलने के लिए डिजाइन किया जाएगा। जानकारी के अनुसार अगले दो साल में सभी 400 ट्रेनें देश के अलग-अलग रेल मार्गों की पटरी पर दौड़ने के लिए तैयार हो जाएंगी।

दरअसल वंदे भारत ट्रेनों के चेयर कार संस्करण धीरे-धीरे शताब्दी एक्सप्रेस ट्रेनों की जगह लेंगे और ट्रेन के स्लीपर संस्करण राजधानी एक्सप्रेस ट्रेनों की जगह लेंगे। रेलवे के अनुसार वंदे भारत एक्सप्रेस के स्लीपर वर्जन के कोच एल्युमिनियम के बने होंगे और इसे अधिकतम 220 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलाने के लिए डिजाइन किया जाएगा। हालांकि सफर के लिए यह स्लीपर ट्रेन 200 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चलेगी।

जानकारी के अनुसार दक्षिण भारत के कई राज्यों में इस साल के अंत में वंदे भारत ट्रेनों की शुरूआत होगी। नए रूट्स में तेलंगाना में काचीगुड़ा से कर्नाटक में बेंगलुरु तक और तेलंगाना में सिकंदराबाद से आंध्र प्रदेश में तिरुपति और महाराष्ट्र में पुणे शामिल हैं।

# ओलंपिक की सफलता को विश्व कप में नहीं दोहरा सकी भारतीय टीम को आत्ममंथन की जरूरत



**भुवनेश्वर।** तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद मिले कांस्य पदक से जगी उम्मीदें विश्व कप में एक बार फिर ध्वस्त हो गई और अपनी मेजबानी में भारतीय टीम टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में भी नहीं पहुंच पाई। पांच दशक से विश्व कप में चला आ रहा इंतजार जारी रहा और अब पेरिस ओलंपिक 2024 से पहले कोच, टीम प्रबंधन और हर खिलाड़ी को आत्ममंथन करना होगा। टीम के अभ्यास , विदेश दौरों और सहयोगी स्टाफ के वेतन पर करोड़ों रूपया खर्च किया गया है।

भुवनेश्वर और राउरकेला में लंबी कतारों में खड़े होकर टिकट खरीदने वाले प्रशंसकों के साथ टीवी के आगे नजरें गड़ाये बैठे दर्शकों का दिल भी इस प्रदर्शन ने तोड़ा है। आठ बार की ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता टीम महज एक बार 1975 में विश्व कप जीत सकी है। अब तक हुए 15 विश्व कप में भारत का यह पांचवां सबसे खराब प्रदर्शन था। भारत चार बार नौवें स्थान पर रहा है लेकिन इस बार टूर्नामेंट में 16 टीमें खेल रही थी।भारत 1986 में 12वें , 1990 में 10वें, 2002 में 10वें और 2006 में 11वें स्थान पर रहा था। इसके अलावा 1998 और 2014 में भी नौवें स्थान पर रहा। 2018 में भुवनेश्वर में टीम क्वार्टर फाइनल तक पहुंची थी लेकिन इस बार तो उससे पहले ही बाहर हो गई।

एक तरफ जर्मनी ने जहां दो गोल से पिछड़ने के बाद वापसी की, वहीं भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ क्रॉसओवर मैच में दो गोल से बढत बनाने के बाद हार गई। न्यूजीलैंड ने मैच को पेनल्टी शूटआउट में खिचा और जीत दर्ज की। भारत के प्रदर्शन की सबसे कमजोर कड़ी पेनल्टी कॉर्नर रहा। फॉरवर्ड पंक्ति मौके नहीं बना सकी और डिफेंस अस्त व्यस्त नजर आया। ग्रुप चरण में स्पेन को 2 . 0 से हराने के बाद भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ गोलरहित ड्रॉ खेला जिससे क्वार्टर फाइनल में सीधे जगह बनाने की उसकी उम्मीदों पर पानी फिर गया। इसके बाद वेल्स जैसी कमजोर टीम के खिलाफ 4 . 2 से ही जीत दर्ज कर सकी।

कोच ग्राहम रीड ने स्वीकार किया कि अपने मैदान पर विश्व कप खेलने का खिलाड़ियों पर अतिरिक्त दबाव था और टीम को मानसिक अनुकूलन कोच की जरूरत है।

# नागपुर टेस्ट में खेल सकते हैं हैंड्सकोंब



**सिडनी।** आस्ट्रेलियाई मुख्य कोच और चयनकर्ता एंड्रयू मैकडोनल्ड ने संकेत दिया कि टीम नौ फरवरी से भारत के खिलाफ शुरू हो रही श्रृंखला के शुरूआती टेस्ट में पीटर हैंड्सकोंब को शामिल करने पर विचार कर रही है।

कैमरन ग्रीन अगर श्रृंखला के लिये समय पर नहीं उबर पाते हैं तो आस्ट्रेलिया हैंड्सकोंब की स्पिन खेलने की काबिलियत को देखते हुए मध्यक्रम में उन्हें मैदान पर उतार सकता है।

आल राउंडर ग्रीन ऊंगली में फ्रेक्चर से उबर रहे हैं जिनके साथ हैंड्सकोंब को भी टी म में चुना गया है।

मैकडोनल्ड ने कहा, वह वास्तव में काफी महत्वपूर्ण खिलाडी है। पिछले कुछ समय में यह साफ दिख चुका है कि वह स्पिन को बेहतर ढंग से खेलता है।

हैंड्सकोंब और ग्रीन चार टेस्ट मैचों की श्रृंखला से पहले नॉर्थ सिडनी में बोन एंड्रयूज ओवल में स्पिन खेलने के लिये बनायी गयी पिच पर बल्लेबाजी अभ्यास कर रहे हैं ताकि भारत में परिस्थितियों से सांमजस्य बिठा सकें। इस सीरीज से विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल क्वालीफिकेशन तय होगा।

हैंड्सकोंब 2017 में भारत के पिछले दौरे पर भी टीम के साथ थे, साथ ही वह टीम में विकेटकीपर का विकल्प भी मुहैया कराते हैं।

उन्होंने कहा, वह धीमी पिचों पर शील्ड क्रिकेट में काफी रन जुटा चुका है। वह विकेटकीपिंग भी कर लेता है, इसलिये इससे हमें जोश (इंग्लिस) के नहीं होने पर हर विकल्प मिलता है और अगर एलेक्स कैरी को कुछ भी होता है तो हमारे पास विकल्प हैं।

उन्होंने कहा, हमें उसमें दायें हाथ के बल्लेबाज का महत्वपूर्ण विकल्प मिलता है। हमारी टीम में काफी बायें हाथ के बल्लेबाज हैं इसलिये उन्हें शामिल करने का यह महत्वपूर्ण विकल्प है। अगर कैमरन ग्रीन पहले टेस्ट के लिये फिट नहीं हो पाते हैं तो हमें लगता है कि हमारे पास कुछ अच्छे विकल्प हैं।

# संजय दत्त और अरशद वारसी फिर आए साथ



बॉलीवुड फिल्म मुन्नाभाई एमबीबीएस के बाद संजय दत्त और अरशद वारसी की जोड़ी प्रशंसकों की पसंदीदा जोड़ी बन गई है। इस दोनों कलाकरों को एक साथ बड़े पर्दे पर देखना प्रशंसकों कि लिए किसी रोमांच से कम नहीं है। मुन्नाभाई एमबीबीएस में मुन्ना और सर्किट ने लोगों का खूब मनोरंजन किया। अब एक बार फिर ये जोड़ी तहलका मचाने आ रही है। संजय दत्त ने अपने इंस्टाग्राम पर एक पोस्टर साझा किया है जिसे देखकर प्रशंसक अनुमान लगा रहे हैं कि जल्द ही मुन्ना भाई एमबीबीएस की फ्रेंचाइजी की तीसरी फिल्म आने वाली है।

सोशल मीडिया पर संजय दत्त ने एक पोस्टर साझा किया है, जिसमें संजय दत्त और अरशद वारसी जेल में खड़े हैं। दोनों ने कैदियों वाले कपड़े पहने हैं तथा काफी परेशान नजर आ रहे हैं। संजय दत्त ने तस्वीर को साझा करते हुए लिखा है- 'हमारा इंतजार आप सभी से कहीं ज्यादा था। मैं अपने भाई अरशद वारसी के साथ एक बार फिर शानदार फिल्म लेकर आ रहा हूं। आप सभी को ये फिल्म दिखाने का इंतजार मैं नहीं कर सकता। जुड़े रहिए। विशेष बात ये है कि संजय दत्त ने पोस्टर साझा करते हुए फिल्म के नाम की घोषणा नहीं की है। पोस्टर में लिखा है कि फिल्म का डायरेक्शन सिद्धांत सचदेव कर रहे हैं तथा फिल्म का प्रोडक्शन संजय दत्त करेंगे।

# एमएस धोनी के होम प्रोडक्शन की पहली फिल्म लेट्स गेट मैरिड का ऐलान




काफी समय से खबरें थीं कि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी फिल्मी दुनिया में कदम रखने वाले हैं। क्रिकेट जगत में नाम कमाने के बाद अब वह फिल्मों में पारी खेलने को तैयार हैं। उन्होंने अपना प्रोडक्शन हाउस धोनी एंटरटेनमेंट लॉन्च किया है और इसके बैनर तले बनने वाली पहली फिल्म की घोषणा भी हो गई है। फिल्म का नाम लेट्स गेट मैरिड है, जिसका मोशन पोस्टर जारी हुआ है। प्रोडक्शन हाउस की तरफ से ट्विटर पर फिल्म का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। यह एक तमिल फिल्म होगी। कैप्शन में लिखा है, हम धोनी एंटरटेनमेंट के बैनर तले बन रही पहली फिल्म के नाम लेट्स गेट मैरिड की घोषणा कर बेहद उत्साहित हैं।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आप अपने आत्मविश्वास व कार्य क्षमता द्वारा स्थितियों को और अधिक बेहतर बनाने का प्रयास करेंगे और सफलता भी हासिल होगी। जीवनसाथी का मन जीत पाएंगे। घर की जरूरतों को पूरा करने में भी आपका समय व्यतीत होगा।

***वृष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। व्यवसायिक गतिविधियां भी सामान्य ही रहेंगी। रखरखाव संबंधी कार्यों में खर्च बढ़ सकता है। आय होने के साथ-साथ खर्चे भी रहेंगे।

***मिथुन :*** आज दिन का अधिकतर समय धार्मिक और आध्यात्मिक संस्थाओं या कार्यों में व्यतीत होगा। आप मानसिक रूप से बहुत अधिक सुकून महसूस करेंगे। आपका कोई महत्वपूर्ण कार्य भी संपन्न हो सकता है।

***कर्क :*** आज आपका दिन मान सम्मान में वृद्धि करेगा। मन साफ व पवित्र विचार धारा की और अग्रसर होगा । मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों में ज्यादा ध्यान दें। तथा संपर्क सूत्रों को भी और अधिक मजबूत करें।

***सिंह :*** आज आपका दिन उदारवादी रहेगा। जीवनसाथी का भरपूर सहयोग मिलेगा। अपनी पिछली गलतियों से सीखकर अपने वर्तमान को बेहतर बनाएंगे। इस समय अधिकतर कार्य आपके मन मुताबिक तरीके से संपन्न होंगे।

***कन्या :*** आज आपका दिन मिला जुला रहेगा। धार्मिक कार्यों में प्रवृत्ति बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र की हर गतिविधि पर नजर रखेंगे। किसी के हस्तक्षेप द्वारा आपकी योजनाएं व कार्य बिगड़ सकते हैं।

***तुला :*** आज आपकी संतुलित दिनचर्या की वजह से अधिकतर काम समय पर पूरे होते जाएंगे। किसी धार्मिक व्यक्ति से मुलाकात आपकी विचारधारा में सकारात्मक परिवर्तन लाएगी। मान सम्मान में बढोतरी होगी।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन मनोनुकूल रहेगा। नवीन कार्य प्रणाली संबंधी योजनाएं बनेगी तथा सफल भी होंगी। आध्यात्मिक उन्नति होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा। इस समय कोई बड़ा अनुबंध मिलने की संभावना है। दैनिक आय में भी वृद्धि होगी।

***धनु :*** आज आपका दिन भाग्यशाली रहेगा। किस्मत का सितारा बुलन्द रहेगा। धर्म-कर्म और अध्यात्म से जुड़े कार्यों में रुचि रहेगी। घर के बड़े बुजुर्गों की सेवा व देखभाल करने से आपको आत्मिक शांति महसूस होगी। स्वास्थ्य सामान्य रहेगा।

***मकर :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा। बुजुर्गों का आशीर्वाद फलदायी होगा। जीवनसाथी का सहयोग सफलता दिलाएगा। व्यवसाय के विस्तार संबंधी कार्यों को आज स्थगित रखें।

***कुंभ :*** आज आपका दिन मनोहारी व लाभकारी रहेगा। किसी शुभ समाचार के मिलने से घर-परिवार में खुशी का माहौल रहेगा। अनुभवी तथा वरिष्ठ लोगों की सलाह व सहयोग आपके व्यक्तित्व को और अधिक निखारेंगे। जिससे आपके आत्मविश्वास में भी वृद्धि होगी।

***मीन :*** आज आपका दिन मध्यम सा रहेगा। कोई भी व्यवसायिक डील फाइनल करते समय समझदारी व सूझबूझ की आवश्यकता है। जल्दबाजी में निर्णय न लें तो बेहतर रहेगा। किसी को पैसा उधार ना दें। पारिवारिक वातावरण सकारात्मक व सहयोगात्मक रहेगा।

# नाम से जंगली मगर खाने में बेहद क्लासिक है यह पुलाव



जंगली पुलाव की रेसिपी में कई विविधताएं हैं, कुछ बचे हुए चावल और करी का उपयोग करने पर जोर देते हैं और कुछ स्क्रैच से शुरू करना पसंद करते हैं। लेकिन यह रेसिपी काफी सरल है।

### सामग्री :

1/2 किलो चिकन, डेढ़ कप चावल, 1 टेबल स्पून घी 1 छोटा प्याज कटा हुआ, 1 बड़ा टमाटर कटा हुआ, एक मुट्ठी धनिया पत्ती कटी हुई, 1/2 कप फूलगोभी के फूल, 1/2 कप बीन्स/हरी मटर, 1/2 कप आलू क्यूब्ड, 1 बड़ा चम्मच अदरक-लहसुन का पेस्ट, 1 छोटा चम्मच जीरा पाउडर, 1 छोटा चम्मच लाल मिर्च पाउडर, 1 छोटा चम्मच हल्दी पाउडर, 2 तेज पत्ते, 1 दालचीनी स्टिक, 2-3 हरी इलायची, 4 लौंग, 1 सितारा सौंफ, स्वादानुसार नमक

### विधि :

1. एक छोटे कटोरे में जीरा पाउडर, लाल मिर्च पाउडर और हल्दी पाउडर को थोड़े से पानी के साथ मिलाकर एक सेमी-लिक्विड घोल बना लें।

2. अगले चरण तक चावल को धोकर भिगो दें। एक पैन में थोड़ा सा तेल गर्म करें और सारे मसाले डाल दें। इसे फूटने दें और फिर कटा हुआ प्याज डालें और हल्का सुनहरा भूरा होने तक भूनें।

3. अदरक-लहसुन का पेस्ट डालें और तब तक पकाएं जब तक कच्ची महक न चली जाए। टमाटर डालें और गलने तक मिलाएँ।

4. इसमें मसाला घोल डालकर कुछ देर पकाएं। अब इसमें चिकन और थोड़ा पानी डालें और इसे तब तक पकने दें जब तक कि चिकन लगभग पक न जाए। 5. अब चावल, सब्जियां डालें और सभी चीजों को अच्छी तरह मिला लें। 6. 2-3 कप पानी या चावल पकाने के लिए पर्याप्त पानी डालें। इसे लगभग 20-30 मिनट तक धीमी आंच पर तब तक पकने दें जब तक कि पानी सूख न जाए और चावल पक न जाए।

7. आंच से उतार लें और इसे कुछ देर के लिए रखा रहने दें। परोसने से ठीक पहले चम्मच से घी और हरा धनिया छिड़कें। गर्मागर्म एन्जॉय करें।

# शब्द सामर्थ्य- 327

**बाएं से दाएं**

1. जल छिड़कना, राजा के सिंहासन रोहन का अनुष्ठान 4. मवाद, पीब (अं) 6. जाति 7. हाथ से धीरे-धीरे ठोंकना, थपकना 9. कमल रोग से ग्रसित व्यक्ति (उ.) 11. किरण 12. छौंक, तड़का 13. दुखदायी, दर्दनाक 15. विवाद, कहासुनी, तकरार 18. समूह, दल, समुदाय 19. दण्ड 20. काजल 22. अनाथ, निराश्रित, यतीम 24. दुख, शोक 25. एक प्रसिद्ध सफेद पक्षी, वक 26. राज्य का विदेश में प्रतिनिधि।

**ऊपर से नीचे**

1. विचित्र, अद्भुत 2. अंदर ही अंदर हानि पहुंचाना 3. वचन, वाणी 4. गुमराह, जो रास्ते से भटक गया हो 5. मुलायम सिंह की पार्टी का संक्षिप्त नाम 8. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध देवर्षि 10. कार्यावली, करस्तानी, प्रशंसनीय कार्य 13. दासी, नौकरानी, बांदी, गुलाम स्त्री 14. प्रवृत्त करने वाला, प्रेरित करने वाला, आविष्कारक 16. श्रीकृष्ण के बड़े भाई, हलधर 17. सामान (उ.) 21. संसार, दुनिया 22. समय, चमेली की जाति का एक पौधा और फूल 23. पराजित, परास्त।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 | ■ | ■ |
| 6 | | ■ | 7 | | | | 8 | ■ |
| 9 | | 10 | | ■ | | ■ | 11 | |
| 12 | | | ■ | 13 | | 14 | | ■ |
| ■ | 15 | | | | ■ | | ■ | 16 |
| 17 | ■ | | ■ | 18 | | | ■ | |
| 19 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 20 | 21 | |
| | ■ | 22 | | 23 | | ■ | 24 | |
| 25 | | | ■ | 26 | | | | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| दि | क्र | त | ■ | आ | सा | न | ■ | आ |
| ल | ■ | मी | ■ | खि | ■ | सी | ख | ना |
| ■ | म | ज | बू | र | ■ | ह | ■ | जा |
| स | र्द | ■ | ■ | का | ■ | त | रा | ना |
| र | ■ | ■ | ■ | र | वि | ■ | ह | ■ |
| प | ह | ना | ना | ■ | ना | रा | ज | ■ |
| ट | ■ | ■ | क | शि | श | ■ | नी | ला |
| ■ | र | ■ | ■ | का | ■ | रा | ■ | य |
| खा | ति | र | दा | री | ■ | त | क्ष | क |

# सू-दोकू- 327

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.326 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |